लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

सभी देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से देश में कोविड-19 का मुक़ाबला किया जाएगा : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 20 मार्च 2020 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को फैलने से रोकने के लिए संसद भवन परिसर में की गई तैयारियों का जायजा लिया । इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि “ संसद भवन परिसर में कोविड 19 को फैलने से रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। “ उन्होने यह भी कहा कि इस रोग की रोकथाम के लिए संसद भवन परिसर में आने वाले मीडियाकर्मियों और आगंतुकों सहित सभी अधिकारियों और अन्य लोगों को समुचित रूप से साफ-सफाई रखने और एक दूसरे से उचित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि इस रोग की रोकथाम के लिए जागरूकता और संयम बहुत आवश्यक है । उन्होने यह आशा व्यक्त की कि सभी देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से देश में कोविड -19 का मुक़ाबला किया जाएगा ।

इसके बाद अपने कक्ष में हुई एक बैठक के दौरान, श्री बिरला ने संसद में काम कर रही नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को संसद भवन परिसर में और इसके आस-पास साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निदेश दिए । उन्होने कहा कि साफ-सफाई और स्वच्छता को उच्चतम प्राथमिकता दिए जाने की जरूरत है और इसके लिए जरूरी सभी उपकरणों का सही ढंग से रखरखाव किया जाए । श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले सप्ताहांत में पूरे संसद भवन परिसर को साफ-सुथरा करने और संक्रमणमुक्त रखने के लिए व्यापक प्रयास किए जाएंगे ।

इससे पहले, श्री बिरला ने आज लोक सभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते हुए टिप्पणी की कि कोविड 19 का मुक़ाबला करने में संसद देशवासियों के साथ है । उन्होने प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल देश के नाम दिए गए अपने विशेष संदेश में रविवार, 22 मार्च 2020 को जनता कर्फ़्यू का आह्वान किए जाने का समर्थन किया । श्री बिरला ने यह भी कहा कि “ इस संकट की घड़ी में देशवासी एकजुट हैं।“ श्री बिरला ने यह भी कहा कि हमें डरना या घबराना नहीं है और हम सभी को हमेशा सावधान रहना चाहिए ।

श्री बिरला ने अपने ट्वीट में यह टिप्पणी की कि “ कोविड-19 से खुद को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करना और संयम बरतना बहुत जरूरी है । चूंकि कोरोना वायरस महामारी बन गया है, इसलिए राजनीतिक सम्बद्धता को ध्यान में न रखते हुए हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति और संयुक्त प्रयासों से ही सभी देशवासियों का अच्छा स्वास्थ्य और उनकी भलाई सुनिश्चित होगी । “

इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि श्री बिरला ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को समाप्त करने के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए 17 मार्च 2020 को भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी I

'NATION WILL FIGHT COVID-19 WITH COLLECTIVE EFFORTS OF ALL CITIZENS': LOK SABHA SPEAKER

New Delhi 20 March 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today conducted an inspection of the preparations made in the Parliament House Estate to prevent the spread of Novel Coronavirus (COVID 19). On this occasion, Shri Birla said that "comprehensive measures have been made to contain the spread of COVID 19 within the Parliament House Estate." He added that all officials and non- officials, including members of the media and visitors to the Parliament House Estate, have been sensitized to maintain proper hygiene and practice social distancing to prevent the spread of the disease. He said that awareness and restraint are key to prevention of the disease and hoped that the nation would fight COVID-19 with the collective efforts of all citizens.

Later, in a follow-up meeting held in his Chamber, Shri Birla directed officials of NDMC and allied agencies, working within the Parliament, to ensure sanitation in and around Parliament House Estate. He said that cleanliness and sanitation need to be given the highest priority and all equipments related to cleanliness should be well maintained. Shri Birla emphasized that extensive efforts shall be made in the coming weekend to clean and disinfect the entire Parliament House Estate.

Earlier, Shri Birla, while presiding over the proceedings of Lok Sabha today, observed that the Parliament stood with the nation in the fight against COVID 19. He endorsed Prime Minister Shri Narendra Modi's observations in his special address to the nation yesterday in which the Prime Minister had called

for a Janata Curfew on Sunday, 22 March 2020. Shri Birla also said that, “The nation stands united in this moment of crisis.” Shri Birla added that there is no place for fear or panic and that all of us must remain careful at all times.

Shri Birla, in his tweet message, observed thati “it is imperative to exercise restraint and ensure personal hygiene to safeguard oneself from COVID-19. As Coronavirus has become a pandemic, the collective will & combined efforts of all of us, irrespective of political affiliations, will ensure good health & wellbeing of the people”

In this context, it is mentioned that Shri Birla had held a high level meeting with the senior officials of the Government of India on 17 March 2020 in order to review the necessary preparations needed for mitigation of the Novel Corona virus (COVID 19).